Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 29-08-2005

Participants : Chandel Shri Suresh

>

Title : Need to provide central assistance for upgradation of National Highways in Himachal Pradesh.

श्री सुरेश चन्देल (हमीरपुर, हि.प्र.) : सभापति महोदया, मैं सरकार का ध्यान भूतल परिवहन और राजमार्ग मंत्री जी का ध्यान हिमाचल प्रदेश के राट्रीय राजमार्गों की तरफ आकर्ति कराना चाहता हूं। जब एनडीए की सरकार थी, तब हिमाचल प्रदेश में चार राट्रीय राजमार्गों को बनाने की बात हुई lÉÉÒ[r91], और उनके विकास के लिए ध्यान भी दिया गया, लेकिन तब से उन राजमार्गों के उन्नयन के क्षेत्र में जो प्रगति होनी चाहिए थी वह ठीक ढंग से नहीं हो रही है और इस कारण वहां बहुत से लोगों को सफर करना पड़ रहा है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि हिमाचल प्रदेश में रेलों का समुचित विकास नहीं हुआ। आजादी के बाद से अब तक केवल एक ब्राडगेज लाइन बनी है, जो अभी तक कम्पलीट नहीं हुई है इसलिए वहां केवल सड़कों द्वारा यातायात का काम होता है। सड़कों के महत्व को देखते हुए ही पिछली सरकार ने वहां राजमार्ग बनाने की घोाणा की थी।

महोदय, इसी राजमार्ग संख्या 21 के नजदीक 800 मेगावाट की कोल डैम जल विद्युत परियोजना बनी है। वहां बड़ी मशीनरी जाती है, लेकिन वहां जो घाघस नामक स्थान पर पुल है, वह बहुत जर्जर अवस्था में है, टेक्नीकल दृटि से वह ठीक स्थिति में नहीं बताया गया है। मेरा सरकार से निवेदन है कि उस पुल को जल्दी बनाने की आवश्यकता है अन्यथा वहां कोई बड़ा हादसा घट सकता है। इसके अलावा जो पिंजौर-स्वारघाट मार्ग है, उस नेशनल हाईवे की हालत तो कच्ची सड़क से भी खराब है। उस पर बिलकुल ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मेरा निवेदन है कि उस सड़क के ऊपर पर्याप्त ध्यान दिया जाए। मेरा एक निवेदन यह भी है कि हिमाचल में अंतर्राज्यीय महत्व की जो सड़के हैं, हिमाचल सरकार ने उन सड़कों के लिए सैन्ट्रल रोड फंड से धन देने का आग्रह किया है। ऊना से होशियारपुर सड़क, नंगल-ऊना-मुबारकपुर-तलवाड़ा सड़क, थाना गल्ला मण्डी-भाखड़ा नांगल सड़क और ज्वालामुखी-देहरा-नैहरन-पुखर-परागपुर-पुलवा सड़क, इन सड़कों के महत्व को देखते हुए भी धन देने की मांग की गई है। मेरा निवदेन है कि सरकार इसे ध्यान में रखे, वहां बड़े हवाई अड्डे नहीं होने के कारण, रेलों का अधिक विकास न होने के कारण, इनको अधिक महत्व देकर सरकार अनुग्रहित करे। धन्यवाद।